तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि

रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 1 फरवरी 2024

4

खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार

मंडल रेल प्रबंधक का बिलासपुर झारसुगुड़ा सेक्शन निरीक्षण

खबर संक्षेप

शिशु मंदिर में मनाया गया मातृ सम्मेलन

सरिया। सरस्वती शिशु मंदिर उच्च विद्यालय सरिया में बुधवार को मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद विद्यालय की बहनों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय के आचार्य ललित पटेल ने माताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मातृ सम्मेलन विद्या भारती का अंग है। भैया बहनों के विकास में माता का योगदान सर्वोपरि होता है। माताएं बच्चों का सुनहरा भविष्य निर्माण करती हैं। हमारा विद्यालय भारतीय संस्कृति पर आधारित शिक्षा प्रदान करने के लिए संकल्प बद्ध है। समाज में सरस्वती शिशु मंदिर की एक अलग पहचान है। वही माताओं ने भी विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मां की गोद बच्चों के लिए स्वर्ग से काम नहीं। मां एक ऐसा रूप है जो परमात्मा को आत्मा के रूप में बच्चा में प्रवेश करती है। बच्चों का पहला पाठशाला माता है। बच्चों का पालन पोषण एवं संस्कार देना मां की पहली जिम्मेदारी होती है। माताओं के बीच शंख वादन, कुर्सी दौड़, गुब्बारा प्रतियोगिता के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें माताओं ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। संचालन सपना प्रधान दीदी ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन संस्था के आचार्य ललित पटेल ने किया। मातृ सम्मेलन के दौरान प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त माताओ को पुरस्कार भेंट का सम्मान किया गया।

एसडीएम की हर गुरुवार सरिया में जन चौपाल

सारंगढ़। किसानों की सुविधा के लिए कलेक्टर केएल चौहान के निर्देश पर आईएएस वासु जैन सारंगढ़ एसडीएम अब प्रति गुरुवार सरिया के तहसील कार्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जन चौपाल करेंगे। सभी इच्छुक नागरिक एसडीएम से मुलाकात कर सकते हैं। कलेक्टर ने नए एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

सारंगढ़। जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरमकेला एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरिया हेतु नए एंबुलेंस 108 वाहन को कलेक्टर केएल चौहान ने कलेक्ट्रेट कार्यालय से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस नये एंबुलेंस के संचालन से आपातकालीन स्थितियों में संबंधित क्षेत्र के मरीजों को चिकित्सा संस्थानों तक निःशुल्क परिवहन सेवा का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन, डा. स्निग्धा तिवारी, परियोजना अधिकारी हरिशंकर चौहान, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. एफआर निराला, कार्यक्रम प्रबंधक एनएल ईजारदार एवं चिकित्सा विभाग के कार्मिक उपस्थित थे।

कलेक्टर ने दिलाई कुष्ठ जागरूकता की शपथ

सारंगढ़। कलेक्टर केएल चौहान ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कुष्ठ जागरूकता अभियान के संबंध में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को शपथ दिलाया। कलेक्टर ने शपथ दिलाया कि .हम सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के लोग और जिला प्रशासन विकसित भारत अभियान के मौके पर यह घोषणा करते हैं कि हम अपने जिले को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। कुष्ठ रोग का निदान करना आसान है और इसका इलाज संभव है। हम कुष्ठ रोग के सभी मामलों को यथाशीघ्र खोजने के लिए यथा प्रयास करेंगे और हम जिले में उपलब्ध सभी संभावित संसाधनों का उपयोग करेंगे। साथ ही हम कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों और उनके परिवार के सदस्यों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करेंगे और दूसरों को भी करने की अनुमति नहीं देंगे। हम व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों के खिलाफ कलंक और भेदभाव को समाप्त करने के लिए काम करेंगे और उन्हें मुख्य धारा में लाने में योगदान देंगे।

लोकसभा चुनाव के बाद हो सकता है स्टॉलेशन

प्रीप्रेड मीटर लगाने सीएसईबी कर रहा तैयारी, डोर टू डोर सर्वे शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रीपेड मीटर स्थापित करने से पहले सीएसईबी अपनी तैयारियां करने में जुटा हुआ है। प्रीपेड मीटर स्थापित करने से पहले डोर टू डोर सर्वे किया जा रहा है। ताकि जिनका बिजली बिल बकाया है, उसे भुगतान करवा कर प्रीपेड मीटर स्थापित करने की प्रक्रिया शरू की जाएगी। हालांकि लोकसभा चुनाव के बाद इसका स्टॉलेशन किए जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है। घरों, दफ्तरों और कारखानों की बिजली अब रिचार्ज सिस्टम से चालू और बंद होगी। मीटर में बैलेंस खत्म होते ही बिजली कर आपूर्ति अपने आप बंद हो जाएगी और रिचार्ज कराते ही बिजली लौट आएगी। स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के लिए बिजली कंपनी ने टेंडर भी जारी कर दिया है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के जिले में जोन 1 में करीब 25 हजार तथा जोन 2 में 26 हजार उपभोक्ता

सर्वे शुरु

स्मार्ट या प्रीपैड मीटर लगाने की योजना है, इससे पहले डोर टू डोर सर्वे किया जा रहा है। इसके माध्यम से बकाएदार उपभोक्ताओं से बकाया राशि की वसूली पर जोर दिया जा रहा है।

-रामकुमार राव
ईई, सीएसईबी

हैं। यहां लगे सभी मीटरों को स्मार्ट प्रीपेड मीटर में बदला जाएगा। इसका कोई चार्ज नहीं लगेगा। यानी यह पूरी तरह से निःशुल्क होगा। प्रीपेड मीटर लगते ही लोग घर बैठे मोबाइल की तरह अपने घर का बिजली मीटर रिचार्ज करा सकेंगे। वे जितनी बिजली जलाएंगे, उतना रिचार्ज करना पड़ेगा। लोगों भ्रम नहीं रहेगा कि उनका ज्यादा बिल जा रहा है। वर्तमान में लोग पोस्टपैड बिजली का उपयोग कर रहे हैं और महीनेभर बाद बिजली का बिल आता है। बिजली कंपनी को पैसे मिलने में डेढ़ महीने का वक्त लग जाता है। कंपनी के नजरिए से यह एक दिक्कत है। बिजली कंपनी को हर महीने रीडिंग के लिए लोगों के घर एक कर्मचारी भेजना पड़ता है। इसमें समय और श्रम लगता है। बिल को लेकर लोगों की शिकायते भी रहती है। इन दिक्कतों के साथ ही लोगों को घर बैठे सुविधाएं देने के लिए स्मार्ट मीटर का कासेप्ट लाया गया है।

ऐसे चलेगा पूरा सिस्टम

प्रीपेड मीटर में एक छोटा सा मॉडम लगा रहेगा। इसी सर्वर के साथ साथ उपभोक्ताओं के मोबाइल से कनेक्ट कर दिया जाएगा। उपभोक्ताओं को पता रहेगा कि उनके पास कितना बैलेंस है। रिचार्ज खत्म होने से पहले ही फोन पर बैलेंस रिचार्ज करने का मैसेज चला जाएगा।

प्रति यूनिट दर में हो सकती है वृद्धि

स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने से प्रति यूनिट बिजली बिल की दर में वृद्धि होने की भी संभावना व्यक्त की जा रही है। हालांकि इसे लेकर अभी तक स्थिति स्पष्ट नहीं है। ऐसे में इस बात को लेकर भी विभाग को उच्च आदेश की प्रतीक्षा है।

ऐसे है पुराने मीटर

जानकारी के अनुसार पुराना मीटर आसानी से बंद कर सकते हैं।ञ छेड़ छाड़ करना काफी आसान है। मीटर में आसानी से सर्किट लगा सकते है। बिजली चोरी का नुकसान ईमानदार उपभोक्ताओं की होता है। कंपनी को डेढ़ से दो माह बाद बिजली बिल के भुगतान की राशि मिलती है।

स्मार्ट प्रीपेड मीटर के फायदे

स्मार्ट मीटर से फोन से रिचार्ज कर सकेंगे,बिना रिचार्ज किए बिजली नहीं जला पाएंगे। रिचार्ज प्लान के मुताबिक बिजली की खपत, बिजली की खपत नहीं, तो कोई बिल नहीं। इसके साथ ही कंपनी को एडवांस में मिल रकम मिल जाएगी।

तीन चरण में सर्वे

जानकारी के अनुसार यह सर्वे तीन चरणों में किया जा रहा है। पहले चरण में ऐसे उपभोक्ता जिनका बिल 5 हजार तक बकाया है, दूसरे वे जिनका बिल 20 हजार तक बकाया है और तीसरे वे जिनका बिल 50 हजार तक बकाया है। ऐसे बकाएदार उपभोक्ताओं को बकाया भुगतान पर जोर दिया जा रहा है।

निगम आयुक्त का वार्डों में निरीक्षण, गंदगी फैलाने पर कार्रवाई की दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बुधवार की सुबह निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने वार्ड क्रमांक 4 एवं वार्ड क्रमांक 5 का निरीक्षण किया। इस दौरान वार्डों में डंप कचरा देख कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने सफाई दरोगा और स्वच्छता सुपरवाइजर पर नाराजगी जाहिर की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वार्डो का कचरा मिलने पर संबंधितों पर कार्रवाई करने की बात कही। बापू नगर कॉलोनी से निरीक्षण शुरू हुआ। इस दौरान कॉलोनी के अंदर पुल के पास कचरा का डंप मिलाए इसपर कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने सफाई दरोगा पर नाराजगी जाहिर की और कचरे को तत्काल उठाने के निर्देश दिए। इसी तरह वार्ड में कई जगह डंप कचरा मिला इस पर बाहर कचरा फेंकने वाले एवं डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के दौरान मिक्स कचरा देने वालों के खिलाफ भी जुर्माना कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बड़े नाला पुल के पास स्कूल के पीछे से अतिक्रमण होने की भी जानकारी दी गई जिसपर कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने संबंधित अधिकारियों को जांच करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बापू नगर से जवाहर नगर होते हुए नवनिर्मित पुल के ऊपर से केलो प्रवाह में रोड तक का निरीक्षण किया गया। इसके बाद अंश होटल से महापौर निवास होते हुए संजय मैदान, सीएसईबी सब स्टेशन होते हुए स्प्रिंग वैली कॉलोनी से फ्रेंड्स कॉलोनी के सामने स्थित मंगलू डीपा तक निरीक्षण किया गया। इस दौरान नाला किनारे बसे लोगों से कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने चर्चा की और उन्हें समय पर यूजर चार्ज देने एवं सूखा व गीला कचरा को अलग अलग देने की बात कही गई। इसी तरह सेंट माइकल स्कूल तक भ्रमण किया गया। सभी जगह कचरे का ढेर वार्डों में नहीं होने, बाहर कचरा फेंकने वालों को चिन्हांकित कर जुर्माना करने के निर्देश दिए गए।

लहंगापाली-मिड़मिड़ा के निर्माण की गुणवत्ता पर उठने लगे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लहंगापाली से मिड़मिड़ा जाने वाली सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इसमें डामरीकरण का काम इस तरह किया गया है, अब इसकी गुणवत्ता को लेकर प्रश्न चिन्ह लगने लगे हैं। वहीं ग्रामीण व सहित राहगीर भी सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर आपत्ति करते नजर आ रहे हैं।

■ गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण पर कार्रवाई की मांग

अहम बात यह है कि लहंगापाली से मिड़मिड़ा तक जाने वाले मार्ग का काफी वर्षों से न तो मरम्मत की गया और न ही इसका पुर्ननिर्माण किया गया। बारिश के दिनों से इस मार्ग से होकर गुजरना वाले ग्रामीण सहित राहगीरों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं होता। अब जब इसका निर्माण किया जा हा है तो इसमें गुणवत्ताहीन सामाग्रियों का उपयोग करते हुए बिना कोई मापदंड के निर्माण किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में इसके निर्माण को लेकर आपत्ति की जा रही है। सड़क निर्माण को लेकर ठेकेदार की लापरवाही व उदासीनता को साफ

तौर पर जाहिर हो रही है। निर्माण के कुछ दिन बाद ही इसमें उपयोग की गई गिट्टियां उखड़ने लगी है। डामरीकरण की मात्रा व लेयर भी काफी कम है। राहगीरों की मानें तो यह काम चलाने के लिए ही किया गया है।

संलग्न शिक्षकों को कार्यमुक्त करने के निर्देश

सारंगढ़। कलेक्टर केएल चौहान ने सारंगढ़ स्थित बीईओ और डीईओ कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। श्री चौहान ने वहां के कार्यालय के साफ सफाई, रखरखाव का आकस्मिक निरीक्षण किया। श्री चौहान ने दोनो कार्यालय में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत कार्यरत सभी शाखा के लिपिक और ऑपरेटर से उनका परिचय और कार्य की जानकारी लिए। श्री चौहान ने अधिकारियो को निर्वाचन या उसके पूर्व दोनों कार्यालय में संलग्न शिक्षकों को कार्यमुक्त कर वापस उनके विद्यालय में भेजने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारीए एबीईओ मुकेश कुर्रे उपस्थित थे।

स्टेशन के सर्कुलेटिंग क्षेत्र से 5 किलो गांजा सहित दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रेलवे स्टेशन के बाहर सर्कुलेटिंग क्षेत्र से 5 किलो गांजे के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। उक्त तस्कर गांजा को एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने के लिए निकले थे। इसी बीच आरपीएफ और कोतवाली पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए इन्हें गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी कोतवाली को आरपीएफ से सूचना मिली कि दो संदग्धि व्यक्तियों को रेलवे स्टेशन के बाहर पिट्ठू बैग में गांजा के साथ देखे गए हैं। थाना प्रभारी द्वारा गांजा तस्करों के भाग जाने की आशंका पर तत्काल थाने से उप निरीक्षक दीपिका निर्मलकर के हमराह कोतवाली पुलिस की टीम को रेलवे स्टेशन रवाना किया गया।

कोतवाली पुलिस और आरपीएफ की संयुक्त कार्यवाही

कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा रेल्वे सुरक्षा बल टास्क टीम के साथ आसपास के क्षेत्रों में दोनों संदेहों को तलाशी ली गई। इसी बीच रेलवे स्टेशन के बाहर महादेव मंदिर के सामने पिट्ठू बैग पकड़े दो संदिग्ध युवक दिखे नजर आए। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों संदेहियों को पकड़ा, जिनसे पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम गौरांगो राजहंस और रमाकांत सुना दोनों निवासी जिला बौध उड़ीसा बताया। जब उनकी तलाशी ली गई तो राजहंस के बैग से पुलिस टीम ने चार पैकेट गांजा एवं रमाकांत सुना के बैग से एक पैकेट गांजा बरामद किया। इसकी कीमत करीब 60 हजार रूपए आंकी गई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने उड़ीसा से गांजा लाया है और रायगढ़ में खपाने का प्रयास कर रहे थे।

धान भंडारण संबंधी कार्य प्राथमिकता के साथ समय पर करें : कलेक्टर

सारंगढ़। कलेक्टर केएल चौहान ने समय सीमा की बैठक में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को आनलाइन पोर्टलों में लंबित आवेदनों के निराकरण की स्थिति की विभागवार समीक्षा की एवं निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सर्वप्रथम धान भंडारण कार्यों के संबंध में जानकारी लिए एवं धान भंडारण एवं लोडिंग का कार्य प्राथमिकता में लेकर समय पर करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कहा कि राशन कार्ड में आधार लिंक की प्रकिया समय सीमा में शत प्रतिशत करना सुनिश्चित करें। इसके पश्चात कलेक्टर ने मतदाता जागरूकता

अभियान अंतर्गत गतिविधियों को अच्छे से करने के निर्देश दिए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज ने निर्वाचन कार्य अंतर्गत एफएलसी कार्यों से संबंध्द सभी विभागीय अधिकारियों को अपने दायित्वों के संबंध में सूचित कर सभी कार्यों को समय पर करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का समय पर निराकरण करने को कहाए साथ ही स्वच्छ भारत मिशन संबंधी कार्यों को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर ने किसान किताब और आधार प्रविष्टि के मामलेए डिजिटल हस्ताक्षरित खसराए आधार प्रविष्टिए अविवादित और विवादित खाता विभाजन एवं अविवादित और विवादित नामांतरण अंतर्गत लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए आंकड़ों की समीक्षा करते हुए आगामी दिनों में इन सभी मामलों के त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

धान बेचने खरीदी केंद्र में उमड़ी किसानों की भीड़

सरिया। बुधवार को धान खरीदी की अंतिम तारीख होने के कारण खरीदी केंद्र सरिया में किसानों की भीड़ लग गई। हालांकि 30 जनवरी की रात सरकार ने 4 दिन की अवधि बढ़ाने की घोषणा कर दी थी, किन्तु इसके बावजूद सरिया के खरीदी केंद्रों में किसान अपनी उपज बेचने उमड़ पड़े।

अटल चौक से चारों दिशा की ओर धान से भरे ट्रैक्टरों की लंबी कतार लगने से आवागमन बाधित हुआ है। पूर्व में घोषित अंतिम तिथि को लेकर किसानों ने अपने उपज को बेचने के लिए एक दिन पहले से ही ट्रैक्टरों में भरकर धान लेकर पहुंचे थे। और रतजगा किया। सुबह पता चला की सरकार ने धान खरीदी की तिथि चार दिन बढ़ा दी गई है। लेकिन पहले से ही टोकन

कटे होने के कारण किसानों ने अपनी धान बेचने के लिए सरिया मंडी प्रांगण पहुंच गए थे। किसानों ने बताया कि यदि सरकार 2 दिन पहले घोषणा कर दिया होता तो टोकन नहीं काटे होते तो आज स्थिति ऐसा नहीं होता। किसानों के साथ हमेशा से ही धोखा किया जा रहा है। किसानों ने यह भी बताया कि खरीदी केंद्र में वारदाने एवं जगह की कमी भी एक समस्या बनी हुई है। ऐसी स्थिति में सरकार को व्यवस्थित ढंग से खरीदी केंद्र संचालन करना चाहिए। हालांकि खरीदी केंद्र संचालकों द्वारा समझाइए देने के बाद किसानों ने राहत की सांस ली है।

व्यापारियों से लेकर गृहणियों तक को बजट से अपेक्षा

केंद्र सरकार का अंतरिम बजट आज, राहत की बंधी आस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

केंद्रीय अंतरिम बजट 1 फरवरी को ससंद में पेश होगा। चूंकि यह बजट अंतरिम है और चुनावी वर्ष भी है। इसलिए कुछ लोक लुभावने वायदे किए जा सकते हैं। जिसमें आयकर की दरों में बदलाव के अलावा जीएसटी कानून में रियायत की संभावन व्यक्त की गई है। साथ ही विकास कार्यों के खर्चों पर सरकार का विशेष जोर रह सकता है।

इस बजट को लेकर जिले में आम जन की अपेक्षाओं से जुड़ी हरिभूमि की विशेष बातचीत में लोगों ने अपनी अलग अलग प्रतिक्रिया दी है। उम्मीद की जा रही है कि वित्त मंत्री हर वर्ग को कुछ न कुछ खास जरुर देंगे। जिनमें मुख्य रुप से खिफायती आवास, महंगाई से राहत, ब्याज में कटौती, नौकरी के अवसर के साथ भ्रष्टाचार से मुक्ति के विषय में ऐलान की संभावना है। किसानों और युवाओं ने भी इस बजट में अपने लिए बेहतर भविष्य की संभावनाएं तलाशनी शुरु कर दी है।

भयमुक्त व्यापार का बने वातावरण : गोपी

चेंबर ऑफ कामर्स के जिला अध्यक्ष गोपी ठाकुर ने बजट को लेकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार को व्यापारिक हित में भी राहत भरे कदम उठाने की जरुरत है। व्यापारी वर्ग टैक्स देने में पीछे नहीं रहता, लेकिन कागजी कार्रवाई सहित जीएसटी विभाग के बार बार जारी नोटिस से भय का वातावरण बनता है।

परंपरागत चिकित्सा का बढ़े बजट

डॉ खुर्शीद खान धरमजयगढ़ का कहना है कि हेल्थ सेक्टर को मिलने वाले बजट का सिर्फ तीन प्रतिशत परंपरागत चिकित्सा पद्धति को मिलता है जबकि आधुनिक चिकित्सा पद्धति को 97 प्रतिशत बजट आवंटित की जाती है जिस कारण से भारत मे जन्मी भारतीय चिकित्सा प्रणाली आयुष मुख्य धारा से नहीं जुड़ पा रही है। आयुष चिकित्सा और आयुष शिक्षा दोनों मे भारत पिछड़ा है बजट का कुल पचास प्रतिशत हिस्सा आयुर्वेद को भी मिलना चाहिए जिससे राष्ट्रीय आयुष मिशन भी राष्ट्रिय स्वास्थ्य मिशन के समानांतर कार्य करेगी और भारतीय ग्रामीण और शहरी मरीजों को एलोपैथी की तर्ज पर आधुनिक आयुष चिकित्सा सिस्टम की औषधीय चिकित्सा के साथ आयुष शल्य चिकित्सा का लाभ मिल सकेगा।

टैक्स का कम हो बोझः सीए गुलशन कुमार

आयकर सलाहकार सीएस गुलशन कुमार ने कहा कि मध्यम वर्ग के लिए टैक्स के बोझ को कम करने के लिए केंद्र सरकार इस बार के बजट में आयकर छूट को लेकर बड़ा ऐलान कर सकती है। उम्मीद है कि इनकम टैक्स की धारा 80 सी के तहत छूट का दायरा डेढ़ लाख रुपए सालाना से ज्यादा किया जा सकता है। यदि ऐसा हुआ तो पीपीएफ से लेकर इंश्योरेंस के तहत दी जानी वाली टैक्स छूट ज्यादा हो जाएगी।

महंगाई पर हो नियंत्रणः कविता शर्मा

महिला राजनेता व सोशल वर्कर श्रीमती कविता शर्मा को भी बजट से काफी उम्मीद है। उनका कहना है कि महंगाई दिन ब दिन बढ़ गई है। ऐसे में सरकार को रोजगार सृजन और महंगाई पर नियंत्रण के प्रयास तेज करने चाहिए। वर्तमान में सब्जी से लेकर राशन तक सबकुछ महंगा हो चुका है। महिला सुरक्षा के लिए भी सरकार को विशेष प्रावधान करना चाहिए।

फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

टेलर की डीपफेक तस्वीर पर सीईओ सत्या नडेला ने आखिर तोड़ी चुप्पी

पॉप आइकन टेलर स्विफ्ट भी डीपफेक की शिकार हुईं। हाल ही में एआई का उपयोग करके तैयार की गई टेलर स्विफ्ट की नकली यौन तस्वीरें सोशल मीडिया पर

वायरल हो गईं। इस मामले में दुनिया भर के लोगों और संगठनों की ओर से कई तरह की प्रतिक्रियाएं आईं। अब माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला ने भी इस मुद्दे अपनी प्रतिक्रिया साझा की है। सत्या नडेला ने एआई-निर्मित तस्वीरों के उदय को खतरनाक और भयानक बताया। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगता है कि हमें इस पर तेजी से आगे बढ़ना चाहिए। यह मामला ऑनलाइन सुरक्षा और एआई प्रौद्योगिकी के नैतिक अर्थों के बारे में चिंता पैदा करता है। सीईओ ने इस प्रकार की सामग्री पर अंकुश लगाने के लिए तकनीकी कंपनियों की जिम्मेदारी के रूप में रेलिंग लागू करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य को हासिल करने के लिए कानून प्रवर्तन को तकनीकी कंपनियों के साथ मिलकर काम करना होगा। रिपोर्ट्स के अनुसार, टेलर स्विफ्ट की ये एआई-जनरेटेड तस्वीरें एक्स (ट्विटर) पर फैलाई गई थीं, जो एक टेलीग्राम समूह से उत्पन्न हुई थी। यह समूह जो तस्वीरों के माध्यम से महिलाओं को लक्षित करता है। समूह जिन उपकरणों का उपयोग करता है, उनमें माइक्रोसॉफ्ट का इमेज क्रिएटर भी शामिल है।

टेलर स्विफ्ट की ये यौन रूप से स्पष्ट एआई-जनरेटेड तस्वीरें एक टूल द्वारा बनाई गई थीं।

टॉलीवुड

'माइग्रेन होने लगा फिर...,' गुंटूर कारम में बीड़ी फूंकी महेश ने

साउथ सुपस्टार महेश बाबू की हालिया रिलीज फिल्म 'गुंटूर कारम' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। फिल्म में अभिनेता को एक उपद्रवी



अवतार में दिखाया गया है, जो धुम्रपान का भी सेवन करता है। हाल ही में, अभिनेता ने बताया कि फिल्म के लिए 'बीड़ी' पीने से उनके स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह धूम्रपान को प्रोत्साहित नहीं करते हैं। फिल्म का समर्थन करने वाले हारिका और हसीन क्रिएशन्स से बात करते हुए, महेश बाबू ने खुलासा किया कि जब उन्होंने 'गुंटूर कारम' की शूटिंग शुरू की तो बीड़ी के कारण उन्हें माइग्रेन की समस्या हो गई थी। फिर, फिल्म के निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास उनकी सहायता के लिए आए और एक आयुर्वेदिक विकल्प दिया। सुपरस्टार ने कहा, 'मैं धूम्रपान नहीं करता और धूम्रपान को प्रोत्साहित भी नहीं करूंगा।' अभिनेता ने आगे जोड़ा, 'यह एक आयुर्वेदिक बीड़ी थी जो लौंग के पत्तों से बनाई जाती थी। शुरुआत में उन्होंने मुझे असली बीड़ी पिलाई और मुझे माइग्रेन हो गया। मैंने जाकर त्रिविक्रम को बताया और वह सोच रहे थी कि क्या करना है। फिर उन्होंने खोजबीन की और मुझे यह आयुर्वेदिक बीड़ी दिलाई, जो मुझे अच्छी लगी। यह लौंग की पत्तियों से बना था और इसमें पुदीने का स्वाद था। इसमें कोई तंबाकू नहीं था।' एक्शन से भरपूर मनोरंजन के साथ तेलुगु सुपरस्टार दो साल के अंतराल के बाद थिएटर में लौटे। उन्हें आखिरी बार बड़े पर्दे पर 2022 की फिल्म 'सरकारु वारी पाटा' में देखा गया था। गुंटूर कारम की बात करें तो इसमें महेश बाबू के अलावा श्रीलीला, मीनाक्षी चौधरी, जगपति बाबू, राम्या कृष्णन, प्रकाश राज, जयराम, सुनील और मुरली शर्मा जैसे सितारे मुख्य भूमिकाओं में हैं।

भोजपुरी

'गांव के जीरो शहर मा हिरो' घिरे प्रशंसकों से, सेल्फी की धूम

छत्तीसगढ़ के सिनेमाघरों में 9 फरवरी को एक साथ रिलीज होने वाली फिल्म ₹ गांव के जीरो शहर मा हिरो ₹ के प्रमोशन के लिए निर्माता व हीरो मनोज राजपूत सीधे फिल्म प्रेमियों के बीच पहुंच रहे हैं और उनसे चाय पे चर्चा कर रहे हैं। इस दौरान फैंस भी उन्हें हाथों-हाथ ले रहे हैं। भिलाई के सिविक सेंटर एवं स्मृति नगर में छत्तीसगढिया सबले बढिया का नारा लगाते मनोज दर्शको के बीच उत्साह के साथ साथ शामिल हुए। इस दौरान फिल्म से जुड़े कलाकारों ने लोगों के साथ डांस भी किया। प्रसंको ने मनोज के साथ सेल्फी लेने की होड़ मची रही। मनोज राजपूत ने इवेंट में पहुंचे लोगों से चाय पर चर्चा करते हुए बताया कि यह फिल्म उनके जीवन पर आधारित है। उन्होंने कहा कि 9 फरवरी से रिलीज हो रही उनकी फिल्म ₹ गांव के जीरो शहर मा हिरो ₹ को एक बार सिनेमाघरों में जाकर जरुर देखें क्योंकि इसमें उन्हें पता चलेगा कि एक गांव का छोटा लड़का शहर में आकर कैसे तरक्की कर हीरो बन जाता है, वैसे ही आप लोग भी कड़ी मेहनत करके हीरो बन सकते हैं। इस दौरान मौजूद लोग भी अपने आप को थिरकने से रोक नहीं सकें और कलाकारों के साथ खूब डांस किया। चाय पे चर्चा करते हुए मनोज राजपूत ने बताया कि फिल्म की शूटिंग दुर्ग, भिलाई के अलावा छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों के साथ ही गोवा, कोलकाता व हैदराबाद के रामोजी स्टूडियों में हुई है। पहली बार सबसे उत्तम किस्म के कैमरे फैन्टम का इस्तेमाल इस फिल्म में किया गया है। फिल्म में बॉलीवुड एक्टर भगवान तिवारी के साथ छॉलीवुड के कलाकारों का जलवा देखने को मिलेगा। फिल्म की हीरोईन नेहा शुक्ला है वहीं मनोज राजपूत के पिता की भूमिका अर्जुन परमार ने निभाया है जो फिल्म के सहायक निर्देशक भी है। इसके साथ ही इशिका यादव, धर्मेन्द्र यादव, प्रदीप शर्मा, पप्पू चन्द्राकर, संजीव मुखर्जी, विक्की वीरा सहित छॉलीवुड के कलाकारों ने अभिनय किया है।

आर्ट हार्ट्स फैशन मार्च में फैशन वीक के जरिए धमाकेदार वापसी कर रहा है! शानदार लॉस एंजिल्स फैशन वीक का 18वां सीज़न इस बार आपको मदहोश करने मार्च के पहले सप्ताह में आ रहा है। प्रतिष्ठित मैजेस्टिक डाउनटाउन में 30,000 से अधिक वर्ग फुट के ऐतिहासिक स्थल में फैशन की दुनिया के हजारों मेहमान एक अनोखे फैशन शो का अनुभव करेंगे जिसमें दुनिया की कुछ सबसे प्रसिद्ध हस्तियां, डीजे, निजी पार्टियां और बहुत कुछ शामिल होंगे।

काजल लगाते समय न करें ये गलतियां, आंखें दिखेंगी खूबसूरत

मेकअप करने की सही तकनीक को समझकर ही आपको किसी भी तरह का लुक चेहरे पर क्रिएट करना चाहिए। वहीं किसी भी मेकअप लुक को ट्राई करने से पहले आप 2 से 3 बार प्रैक्टिस जरूर कर लें। आंखों में काजल लगाने का भी एक तरीका होता है और कई बार हम इन बातों को नजरअंदाज कर देते हैं और इसी कारण अपनी आंखों पर लगे काजल को बिगाड़ लेते हैं।

किसी भी तरह का मेकअप करने से पहले आपको आंखों की शेप और साइज को समझना बेहद जरूरी होता है। हर व्यक्ति की आंखें अलग तरह की होती हैं। बता दें कि बड़ी आंखों पर आप

ब्रॉड ब्लैक काजल लगा सकती हैं, लेकिन अगर आपकी आंखें छोटी हैं तो आप आंखों की वाटर लाइन में व्हाइट कलर के काजल का इस्तेमाल कर सकती हैं। छोटी आंखें हैं तो आप व्हाइट काजल का इस्तेमाल बिल्कुल भी न करें अन्यथा आपकी आंखें और भी ज्यादा छोटी नजर आने लग जाएंगी। आंखों पर ब्रॉड और गहरा काजल खूबसूरत नजर आता है, लेकिन ऐसा जरूरी नहीं है कि हर तरह की आंखों पर इस तरह का गहरा काजल सूट करें। वहीं गहरे काजल को लगाने के चक्कर में हम एक के ऊपर एक काजल की लेयर लगाते रहते हैं।

हाथ हो गए हैं सख्त तो उन्हें मुलायम बनाने के लिए अपनाएं ये उपाय

ठंडी हवाओं के कारण हाथों की त्वचा हो गई है सख्त तो आपको भी हाथों को सॉफ्ट बनाने के लिए जरूर ट्राई करने चाहिए कुछ आसान घरेलू नुस्खे। इसके लिए आलू को उबालकर मैश कर लें और फिर उसमें गुलाब जल मिक्स करें। अब आपको इस मिश्रण से दोनों हाथों पर लगाना है और हल्के हाथों से मसाज करनी हैं। 5 मिनट बाद गुनगुने पानी से आप हाथों को वॉश कर लें। यदि आप नियमित दिन में एक बार भी इस घरेलू नुस्खे को अपनाती हैं, तो आपके हाथ न केवल मुलायम होंगे बल्कि उनकी टैनिंग भी दूर हो जाएगी। इसी तरह मैश केले में शहद मिक्स करें और इस मिश्रण को हाथों पर रब करें। 5 मिनट बाद गरम पानी से हाथों को वॉश कर लें। यदि आप रात में सोने से पहले इस मिश्रण को नियमित हाथों पर लगाती हैं, तो ऐसा करने से भी आपके हाथ सॉफ्ट हो जाएंगे।

सिल्क साड़ी के साथ स्ट्रैपी ब्लाउज को करें स्टाइल

फैशन

सिल्क साड़ी पहनना हर किसी को पसंद होता है। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि साड़ी के साथ कुछ नए तरीके के डिजाइन के ब्लाउज ही अच्छे लगते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे हम भी कुछ नया ट्राई कर पाते हैं। ऐसे में आप इस बार सिल्क साड़ी के साथ स्ट्रैपी ब्लाउज को ट्राई करें। इससे सिल्क साड़ी ट्रेडिशनल के साथ-साथ स्टाइलिश भी लगेगी। चलिए आपको बताते हैं कि किस तरह के डिजाइन वाले ब्लाउज को आप वियर कर सकती हैं।

स्टाइलिश डोरी ब्लाउज डिजाइन

इस तरह के ब्लाउज से आप अपने सिल्क साड़ी लुक को खूबसूरत बना सकती हैं। इसके लिए आप स्टाइलिश डोरी वाले ब्लाउज को डिजाइन करवाएं। आप इसके लिए स्पाइरल डिजाइन वाली डोरी के ब्लाउज को स्टाइल कर सकती हैं वरना आप सिंपल डोरी के साथ हाई नेक डिजाइन के ब्लाउज में क्रिएट कर सकती हैं। यह भी काफी अच्छा लगता है। इस तरीके के ब्लाउज को और ज्यादा खूबसूरत बनाने के लिए बो डिजाइन बनाएं। इस तरीके से आपका ब्लाउज सुंदर नजर आएगा।

डबल डोरी ब्लाउज डिजाइन

अगर आपको कुछ अलग हटके ट्राई करना है तो इसके लिए आप डबल स्ट्रैपी वाले ब्लाउज को स्टाइल कर (ब्लाउज डिजाइन) सकती हैं। इसमें एक ऊपक की तरह डोरी लगाई जाएगी। फिर नीचे की तरफ डोरी को लगाया जाएगा। इसके बाद ही यह ब्लाउज अच्छा लगेगा। इसमें आप चाहे तो पीछे बैकलेस डिजाइन क्रिएट कर सकती हैं। इससे ये ब्लाउज और भी ज्यादा खूबसूरत नजर आएगा। सिल्क साड़ी के साथ अच्छा भी लगेगा।

ब्रालेट ब्लाउज डिजाइन

हैवी सिल्क साड़ी अगर आप वियर कर रही हैं तो इसके साथ आप स्टाइलिश ब्रालेट ब्लाउज को स्टाइल कर सकती हैं। आपके लुक (लेटेस्ट ब्लाउज डिजाइन) को खास बनाने के लिए ये बेस्ट है। इसमें आपको ब्लाउज में हैवी डिजाइन मिलेगा लेकिन स्ट्रैप सिंपल मिलेगी। जिससे यह और सुंदर नजर आएगा। इसलिए आपको इसे जरूर ट्राई करना चाहिए। इन स्ट्रैपी ब्लाउज को सिल्क साड़ी के साथ स्टाइल करें और अपने लुक को परफेक्ट बनाएं।

कुर्ती को इन तरीकों से करेंगी स्टाइल तो इस ठंड में भी दिखेंगी स्टाइलिश

कुर्ती पहनना हम सभी को पसंद होता है और इसके कई डिजाइंस आपको ऑनलाइन से लेकर ऑफलाइन स्टोर्स तक में आसानी से नजर आ जाएंगे। इन्हें स्टाइल करने के कई तरीके होते हैं, लेकिन ज्यादातर इन कुर्तियों को गर्मी के मौसम में पहना जाता है। सर्दी के मौसम में कुर्ती को स्टाइल करने के लिए और ठंड से भी बचने के लिए आप कुर्ती को अन्य कई तरीकों से स्टाइल किया जा सकता है।

ठंड के साथ कुर्ती को स्टाइल करने का तरीका: चिकनकारी से लेकर प्लेन कुर्ती को आप ओवरकोट या लेदर जैकेट के साथ पहन सकती हैं। देखने में इस तरह की स्टाइलिंग आपको पॉवर लुक देने में मदद करेगा। आप चाहे तो इस तरह के लुक मोटे फैब्रिक वाली डेनिम जैकेट को भी पहन सकती हैं। वहीं अगर आप कोट या जैकेट को नहीं पहनना चाहती हैं तो कुर्ती के अंदर हाई नेक टॉप भी पहन सकती हैं ताकि ठंड में आप स्टाइलिश नजर आए।

लॉन्ग जैकेट के साथ कुर्ती को कैसे करें स्टाइल ?: कुर्ती के साथ चाहे तो कलर कॉम्बिनेशन और लुक को ध्यान में रखकर आप कस्टमाइज जैकेट भी सिल्वा सकते हैं। इसके आलावा आप चाहे तो डबल स्टाइल कुर्ती को पहन सकती हैं। इस तरह की जैकेट बनवाने के लिए आप वूलेन में काफी तरह के फैब्रिक का चुनाव कर सकती हैं।

वेलवेट की कुर्ती को कैसे करें स्टाइल ?: अगर आप नई कुर्ती खरीदने या सिलवाने का सोच रही हैं इसके लिए फैब्रिक का खासतौर से ख्याल रखें। ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि ठंड के मौसम में आप कॉटन या कोई पतला फैब्रिक खरीदने की जगह वेलवेट के फैब्रिक को खरीदकर कुर्ती सिल्वा सकते हैं या चाहे तो रेडीमेड में भी खरीद सकते हैं।

कोरियन हेयरस्टाइल से ट्रेंडी लगेगा लुक, आप भी करें ट्राई

अगर आप शादी या पार्टी में जाने के लिए स्टाइलिश हेयरस्टाइल तलाश रहे हैं, तो कोरियन ट्रेंड को फॉलो कर सकती हैं। जी हां, हम आपके साथ कुछ आइडियाज शेयर कर रहे हैं, जिन्हें फंक्शन में ट्राई किया जा सकता है। अगर आप यह खुद के लिए न कर सके, तो अपने घर की दूसरी महिलाओं के बालों में तो आसानी से बना सकती हैं। इस तरह आपका पार्लर जानें का खर्चा भी बच जाएगा और आपका काम भी हो जाएगा।

रिबन हेयरस्टाइल : बन हेयरस्टाइल बहुत ही कॉमन और पारंपरिक हेयर स्टाइल है। इसका ट्रेंड न सिर्फ भारत में बल्कि कोरिया में भी फेमस है, जिसे रिबन लगाकर बनाया जाता है। इसमें बालों को पिंच करके एक जूड़ा बनाया जाता है और उसके साथ सुंदर पैटर्न में, एक खूबसूरत रंग के रिबन से जुड़े को सजाया जाता है। इस हेयरस्टाइल को बनाने के लिए आपको ये टिप्स अपनाने होंगे।

कैसे बनाएं ? : लो बन बनाने के लिए सबसे पहले आपको बालों की ऑफ सेंटर पार्टिंग करनी होगी। आप पार्टिंग अपने फेस के हिसाब से पार्टिंग कर सकते हैं। आप बीच या फिर साइड की पार्टिंग कर सकती हैं। बेहतर होगा कि आप अपने बालों को स्ट्रेट भी कर सकती हैं। अब अपने बालों को स्ट्रेट करें और पीछे की तरफ ले जाएं। फिर बालों को रोल करें और स्कैल्प के सेंटर में जाकर पिंस से टक कर लें। इस रोल पर आप अच्छी तरह से हेयर स्प्रे कर लें और रिबन भी लगा लें। ताकि आपके बाल सेट हो जाएं। बस आप इसके बाद बन एक्सटेंशन लगा लें।

आप ऊपर से इसे किसी अच्छी-सी हेयर एक्सेसरीज से डेकोरेट भी कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

बढ़ती उम्र के साथ अपने स्टाइल को बरकरार रखना आसान काम नहीं

बढ़ती उम्र के साथ अपने स्टाइल को बरकरार रखना पुरुषों के लिए चैलेंजिंग होते जाता है। अपनी उम्र को कम दिखाने के लिए पुरुष जवां दिनों के स्टाइल को ही फॉलो करने लगते हैं, जिसकी वजह से उनकी स्टाइल बिगड़ने लगती है। वे उसी कलर और स्टाइल की ड्रेस पहनने लगते हैं। इसी चक्कर में वे फैशन मिस्टेक्स कर देते हैं। अब सवाल यह उठता है कि हमें कैसे स्नीकर्स/जूते,जींस या पैंट,टी-शर्ट या शर्ट आदि में से क्या पहनना सही होगा? यदि आप खुद को इस तरह की गलतियों से बचकर स्टाइल को मेंटेन रखना चाहते हैं तो यहां पर दिए स्टाइलिंग टिप्स को फॉलो करें।

यंग दिखने के लिए पुरुष अक्सर करते हैं ये फैशन मिस्टेक्स, खुद गलती करने से ऐसे बचें

परफेक्ट जींस चुनने में गलती

अपने लिए परफेक्ट जींस चुनना यंग एज के लिए मुश्किल काम नहीं है क्योंकि रिप्ड से लेकर ओवरसाइज स्टाइल की जींस पहन सकते हैं। मगर जब उम्र ढलने लगे तब किसी भी प्रकार की स्टाइल की जींस नहीं पहन सकते हैं। कई बार अधिक उम्र वाले पुरुष बहुत अधिक लूज जींस पहनने लगते हैं। जबकि यह गलत सिलेक्शन है।

कैसी जींस पहनें?

जिन पुरुषों की उम्र अधिक हो उनको ओवरसाइज जींस नहीं पहननी चाहिए। ये उनकी पर्सनैलिटी को बिगाड़ती है। उन्हें लूज फिट जींस पहननी चाहिए। साथ ही रिप्ड जींस भी पहनने से बचना चाहिए।

शर्ट्स चुनने में गलती

ऐसे पुरुषों पर हर स्टाइल की शर्ट्स फिट नहीं बैठती हैं। आपको इस बात को समझने की जरूरत है। खासकर फ्लोरल या डिजाइनदार शर्ट्स को पहनने से बचना चाहिए। फ्लोरल प्रिंट जवां पुरुष के लुक को ही निखारने का काम करता है। लेकिन किसी अधिक उम्र वाले पुरुष के लुक को बिगाड़ने का काम करती है।

कैसी शर्ट पहनें?

अगर आपकी उम्र अधिक है और शर्ट चुनने में परेशानी हो रही है तो यहां एक बात समझ लें। फ्लोरल शर्ट को पहनने से बचें। उसकी सॉलिड शर्ट्स या डेनिम शर्ट्स पहन सकते हैं। इससे पर्सनैलिटी निखरी हुई दिखाई देगी।

जूते चुनने में गलती

एक स्टाइलिश मैन को बढ़ती उम्र के साथ जूते चुनने में भी काफी दिक्कत होती है। वे स्नीकर्स और कैनवास शूज के साथ दोस्ती तोड़ नहीं पाते हैं। इसी वजह से फंकी स्नीकर्स पहने दिखाई देते हैं। ये भले ही आरामदेह हो लेकिन उम्र के हिसाब से स्टाइल सही नहीं है।

पुष्पा 2 के सेट से लीक हुई अल्लू अर्जुन की तस्वीर...

मुंबई। साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन इन दिनों 'पुष्पाः द रूल' की शूटिंग कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म का नया पोस्टर साझा करते हुए रिलीज डेट के बारे में जानकारी दी थी। इस फिल्म में अभिनेता अपने लुक को लेकर भी काफी चर्चा बटोर रहे हैं। अब शूटिंग सेट से उनकी एक तस्वीर लीक हुई है, जो एक्स 'ट्विटर' पर वायरल हो गई। तस्वीर में अल्लू अर्जुन को 'गंगम्मा तल्ली' अवतार में देखा जा सकता है, जिसे फर्स्ट-लुक पोस्टर में भी साझा किया गया था। 'पुष्पा 2' के सेट से अल्लू अर्जुन की एक तस्वीर इंटरनेट पर छा गई है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही लीक तस्वीर में अभिनेता साड़ी पहने नजर आ रहे हैं।

लाइफ Style

राशि

योद्धा में काम करना शानदार अनुभव

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री राशि खन्ना इन दिनों अपनी आगामी थ्रिलर फिल्म योद्धा को लेकर सुर्खियों में छाई हुई हैं। राशि खन्ना योद्धा में सिद्धार्थ मल्होत्रा और दिशा पटानी के साथ स्क्रीन साझा करेंगी। सागर अम्ब्रे और पुष्कर ओझा निर्देशित इस फिल्म ने अपने स्टार कलाकारों के साथ काफी उत्साह पैदा किया है।

हाल ही में राशि खन्ना ने एक इंस्टाग्राम सवाल सेशन में सिद्धार्थ के साथ अपने सहयोग के बारे में जानकारी साझा की और उनके साथ काम करने के अनुभव को साझा किया। राशि से एक फैन ने सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ काम करने के उनके अनुभव के बारे में सवाल किया। इसका जवाब देते हुए अभिनेत्री ने कहा, योद्धा में सिड के साथ काम करना एक शानदार अनुभव था। वह बहुत अनुशासित हैं और उन्होंने योद्धा के लिए सब कुछ दे दिया है। उन्होंने बहुत-बहुत कड़ी मेहनत की है, खासकर एक्शन सीन पर क्योंकि वे अद्भुत दिखते हैं और मैं वास्तव में उनके एक्शन और बाकी सभी चीजों के लिए योद्धा का इंतजार कर रही हूं। उन्होंने आगे कहा, वह न केवल एक अभिनेता के रूप में बल्कि एक इंसान के रूप में भी एक अद्भुत व्यक्ति हैं, मैंने उन्हें जाना और वह बहुत आध्यात्मिक और बहुत सुलझे हुए व्यक्ति हैं। वहीं, जब राशि से उन अभिनेताओं के बारे में पूछा गया, जिनके साथ वह भविष्य में काम करना चाहेंगी। इसके जवाब में उन्होंने नामों की लिस्ट साझा कर शाहरुख खान, रणबीर कपूर, ऋतिक रोशन, महेश बाबू, थलपति विजय और अल्लू अर्जुन के नाम का उल्लेख किया।

हॉलीवुड मसाला

डेस्पिकेबल... जुलाई में होगी रिलीज

लॉस एंजेलिस। एनिमेटेड फिल्म 'डेस्पिकेबल मी 4' का रोमांचक ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जिसको फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। एक बार फिर ग्रू, लुसी, उनके बच्चें और मिनियंस एक और नए अंदाज में दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए एकदम तैयार हैं। चौथी किस्त में ग्रू और लूसी एक बच्चे जूनियर ग्रू का वेलकम करते हैं। ट्रेलर की शुरुआत ग्रू के खूबसूरत घर में एक पुल पर पीले मिनियंस के आराम करते हुए होती है। ग्रू और उसके परिवार को बिना किसी चिंता के लाइफ में आगे बढ़ते हुए दिखाया गया है।

एलेसेंड्रा ने फ्लॉन्ट किया स्लिम फिट फिगर..

लॉस एंजेलिस। एलेसेंड्रा एंब्रोसियो हॉलीवुड की टॉप मॉडल्स में से एक हैं। वह अक्सर अपने बोल्ड अंदाज से लोगों के होश उड़ा देती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस समंदर किनारे ब्लैक बिकिनी लुक में कहर बरपाती नजर आईं। उनकी ये तस्वीरें इंटरनेट पर आग की तरह वायरल हो रही हैं। सामने आई तस्वीरों में देखा जा सकता है कि एलेसेंड्रा समंदर किनारे बैड पर लेट अपनी कातिलाना अदाएं बिखेर रही हैं। ब्लैक कलर की बिकिनी में उनका बेहद ही बोल्ड अंदाज देखने को मिल रहा है। बारीक सी बिकिनी में वह अपना स्लिम फिट फिगर फ्लॉन्ट कर रही है और बेड पर लेट किताब पढ़ रही हैं। कई तस्वीरों में वह कैमरे की तरह देखती हुई दिलकश पोज दे रही हैं। फैंस को एलेसेंड्रा का ये लुक काफी पसंद आ रहा है।

कृति ने की पुलकित संग सगाई..?

मुंबई। कृति खरबंदा और पुलकित सम्राट ने आखिरकार रोका या सगाई कर ली है। इन दोनों के रोके की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। रिया सम्राट लूथरा नाम की एक यूज़र ने अपने अकाउंट से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन फोटोज में ये कपल भी नजर आ रहे हैं। ऐसा लग रहा जैसे सब किसी खास वजह से इकट्ठे हुए हों। अब सोशल मीडिया पर ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि यहां सभी लोग कृति और पुलकित के रोके के सेलिब्रेशन के लिए मौजूद हैं। दरअसल, पुलकित सम्राट और कृति खरबंदा की इन फोटोज में फैंस ने एक चीज नोटिस कर ली। लोगों की नजरें इन दोनों की अंगूठियों पर ठहर गईं। ऐसा लग रहा है जैसे इन दोनों ने अपने रोके को ऑफिशियल करने के लिए ही ये पोस्ट शेयर किया हो। हालांकि, अभी कुछ भी पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता।



'स्वतंत्र वीर ...' 22 मार्च को होगी रिलीज

मुंबई। अभिनेता रणदीप हुड्डा इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर को लेकर चर्चा में हैं। वीर सावरकर की जयंती के मौके पर रणदीप ने फिल्म 'स्वाद्यथान वीर सावरकर' का टीजर जारी किया था। वहीं अब फिल्म की रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठ चुका है। निर्माताओं ने फिल्म का एक और टीजर जारी करते हुए इसकी रिलीज डेट का एलान किया है। यह फिल्म 22 मार्च को रिलीज होगी। यह फिल्म हिंदी और मराठी दोनों भाषाओं में सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इस फिल्म में न सिर्फ रणदीप हुडा मुख्य भूमिका निभा रहे हैं बल्कि इसके जरिए वह निर्देशन में भी डेब्यू कर रहे हैं। टीजर की शुरुआत वीर सावरकर बने रणदीप हुड्डा की तस्वीर से होती है। टीजर में उन्होंने कहा, 'गांधी से नफरत नहीं, अहिंसा से है।'

ऊप्स मोमेंट का हुई शिकार एयरपोर्ट पर शर्म से लाल

मुंबई। अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। इसमें एक्ट्रेस बेहद खुश नजर आ रही हैं और उन्हें मुंबई एयरपोर्ट पर अपनी दोस्त और मशहूर साउथ एक्ट्रेस कल्यानी प्रियदर्शन के साथ देखा जा सकता है। लेकिन मुंबई एयरपोर्ट पर उनके साथ कुछ ऐसी घटना हो गई, जिसके बाद एक्ट्रेस शर्म से लाल हो गईं। रश्मिका एयरपोर्ट पर पैपराजी के सामने ऊप्स मोमेंट का शिकार हो गईं और अपनी ड्रेस की वजह से उन्हें जल्लित झेलनी पड़ी। इस दौरान रश्मिका कैजुअल लुक में नजर आई थीं। उन्होंने व्हाइट शर्ट पहनी हुई थी लेकिन उसके बटन काफी ज्यादा खुले हुए थे। वहीं, जब वो गाड़ी से उतरीं तो उनकी शर्ट से उनके प्राइवेट पार्ट्स दिखाई दे रहे थे। इस दौरान एक्ट्रेस अपनी दोस्त के पीछे छिपकर वहां से निकलने की कोशिश करने लगीं और कल्यानी प्रियदर्शन को इस बीच ये कहते हुए भी सुना जा सकता है कि तुम मेरे पीछे क्यों छुप रही हो।

कुछ खट्टा हो जाए का टीजर जारी

मुंबई। गायक गुरु रंधावा फिल्म कुछ खट्टा हो जाए से बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म का टीजर जारी हो गया है। वे प्यार की टेढ़ी-मेढ़ी कहानी में सिरफिरे आशिक बने नजर आएंगे। इसमें उनके साथ सई मांजरेकर नजर आई हैं। फिल्म का टीजर काफी मजेदार है। टीजर रिलीज की जानकारी गुरु रंधावा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से दी है। टीजर की शुरुआत में गुरु रंधावा कहते हैं, 'सुप्रभात, मैं हूं आपका होस्ट और दोस्त, लेकर आया हूं आपके लिए दिल की एक और कहानी। ये कहानी है एक सिरफिरे मजनू, एक ब्यूटीफुल लैल और उनके बेइंतहा टेढ़े मेढ़े प्यार की।

इस लैला मजनू की लव स्टोरी में लव तो बहुत था। लेकिन उनकी कहानी का असली ट्विस्ट कुछ और ही था। अभिनेता अनुपम खेर भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। टीजर में अनुपम खेर की भी एंट्री दिखाई गई है। फिल्म 'कुछ खट्टा हो जाए' 16 फरवरी को रिलीज होगी।

धर्मा प्रोडक्शंस के टिप्सी ड्रामा में करेंगी काम

मुंबई। तमन्ना भाटिया धर्मा प्रोडक्शंस के धर्मांटिक एंटरटेनमेंट के डिजिटल विंग के साथ काम करने जा रही हैं। तमन्ना इसमें फिर अलग भूमिका में नजर आएंगी। बबली बाउंसर, आखिरी सच, प्लान ए प्लान बी, जी कर दा और लस्ट स्टोरीज 2 में उनके निभाएं किरदार को फैंस ने काफी पसंद किया। अब तमन्ना टिप्सी ड्रामा के साथ एक और अलग शैली में अभिनय करने के लिए तैयार है। तमन्ना के आगामी प्रोजेक्ट के शीर्षक के लिए प्रशंसकों इंतजार करना होगा। हालांकि, ऐसा कहा जा रहा है कि इस हल्की-फुल्की सीरीज का निर्देशन अर्चित कुमार करेंगे।

फरवरी में मनोरंजन का बूस्टर डोज

देखने को मिलेंगी रोमांटिक और मिस्ट्री फिल्में

मुंबई। फरवरी का महीने सिनेप्रेमियों के लिए शानदार होने वाला है। दरअसल, साल 2024 के दूसरे महीने में सिनेमाघरों में पॉलिटिकल ड्रामा से लेकर रोमांटिक-कॉमेडी तक कई सारी फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इतना ही नहीं, 'लाल सलाम' और 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' जैसी छह बड़ी फिल्मों के बीच क्लैश भी होने वाला है। फरवरी 2024 में सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली फिल्मों की पूरी लिस्ट।

2 फरवरी : नवाजुद्दीन सिद्दीकी की 'सेक्शन 108' 2 फरवरी के दिन रिलीज होगी। ये एक डार्क मिस्ट्री थ्रिलर फिल्म है जिसकी कहानी वकील ताहूर खान के इर्द-गिर्द घूमेगी। दरअसल, सनराइज इंश्योरेंस में काम करने वाली शिखा सक्सेना एक करोड़पति बिजनेसमैन के केस में वकील ताहूर खान की मदद लेगी। लेकिन, पावर का इस्तेमाल कर इस वकील को मृत घोषित कर दिया जाएगा।

9 फरवरी : फरवरी के दूसरे हफ्ते में शाहिद कपूर और रजनीकांत की फिल्म के बीच बॉक्स ऑफिस पर क्लैश देखने को मिलेगा। दरअसल, 9 फरवरी के दिन शाहिद कपूर की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' के साथ रजनीकांत की स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'लाल सलाम' सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

16 फरवरी : रिपोर्ट के मुताबिक, अक्षय कुमार की फिल्म 'स्टार्टअप' 16 फरवरी के दिन रिलीज होने वाली है। हालांकि अभी तक सोरारई पोटरू की रीमेक 'स्टार्टअप' का कोई ट्रेलर सामने नहीं आया है। 'स्टार्टअप' के साथ साल 2010 में रिलीज हुई 'लव सेक्स और धोखा' का सीक्वल 'लव सेक्स और धोखा 2' भी 16 फरवरी के दिन रिलीज होगा।

23 फरवरी : यामी गौतम की पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म 'आर्टिकल 370' 23 फरवरी के दिन सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फिल्म का निर्देशन दो बार राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने वाले आदित्य सुहास जंभाले ने किया है। इस फिल्म में कश्मीर से अनुच्छेद 370 खत्म होने के बाद की कहानी दिखाई जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक, 'आर्टिकल 370' के साथ सिनेमाघरों में विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी की फिल्म भी रिलीज होगी। हालांकि, अभी तक न ही इस फिल्म का नाम बताया गया है और न ही ट्रेलर रिलीज किया गया है।

खबर संक्षेप

शहीदों की स्मृति में रखा गया दो मिनट का मौन

सारंगढ़। 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर सारंगढ कलेक्टोरेट में सुबह 11 बजे शहीदों की स्मृति में जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान दिया है दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी सहित अधिकारी कर्मचारियों ने मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी प्रकार जिले के शासकीय कार्यालयों सहित विभिन्न स्थानों पर भी दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

राशन कार्ड से जुड़ी अफवाहों पर न दें ध्यान

सारंगढ़। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत प्रचलित राशनकार्डो का नवीनीकरण अभियान 25 जनवरी से प्रारंभ हुआ है। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के साथ साथ छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के ऐसे नागरिक पलायन या अन्य किसी कारणवश राज्य से बाहर हैं, उनको राशनकार्ड नवीनीकरण कार्य के लिए घबराने की जरूरत नहीं है। ऐसे नागरिक अफवाह से सतर्क रहें और अवसरवादियों, बिचौलियों से सावधान रहें। राशनकार्डो के नवीनीकरण के लिए हितग्राही द्वारा आवेदन 15 फरवरी तक लिया जाएगा। इसमें कम से कम एक सदस्य का ईकेवायसी पूर्ण होए अत्यधिक वृद्ध तथा शारीरिक रूप से निशक्त ऐसे हितग्राही जिनके लिए नामिनी नियुक्त हैं, उन्हें इस प्रावधान से छूट होगा। नवीनीकरण के पश्चात राशनकार्डों का वितरण 1 फरवरी से 29 फरवरी तक किया जाएगा। राशनकार्डधारियों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए राशनकार्डों के समयबद्ध नवीनीकरण के लिए आवेदनों की प्राप्ति खाद्य विभाग द्वारा तैयार एप्प के जरिये की जाएगी। यह एप्प हितग्राही द्वारा अपने मोबाईल में अथवा उचित मूल्य दुकानों में संधारित टैबलेट अथवा दुकान संचालक के पंजीकृत एंड्रायड मोबाईल में डाउनलोड कर इसके जरिए आवेदन की प्रस्तुति की जा सकेगी। राशनकार्ड का नवीनीकरण का आवेदन खाद्य विभाग द्वारा तैयार एप्प के माध्यम से किया गया है। यह एप्प हितग्राही द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाईट से डाउनलोड किया जा सकेगा।

पुसौर में शुरू कुष्ठ जन जागरूकता अभियान

रायगढ़। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी को नगर पंचायत पुसौर में अध्यक्ष नगर पंचायत पुसौर रितेश थवाईत के द्वारा महात्मा गांधी चौक पर महात्मा गांधी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर कुष्ठ जन जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। कुष्ठ जनजागरूकता अभियान पखवाड़ा 13 फरवरी तक चलेगा। इस अवसर पर कुष्ठ चिकित्सा सहायक एमएम पटनायक द्वारा समस्त ग्रामवासियों को समाज में फैले कुष्ठ के प्रति भ्रांतियों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए इसे दूर करते हुए जनमानस को समाज में छिपे कुष्ठ मरीजों की जांच खोज में सहयोग कर एक कुष्ठ मुक्त समाज निर्माण में करने हेतु अपील की। खण्ड चिकित्सा अधिकारी श्री चंद्रवंशी इस कार्य में सहयोग की अपील की ताकि विकासखण्ड पुसौर को कुष्ठ मुक्त किया जा सके। इस अवसर पर भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया।

क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन

कुडेकेला। कुडेकेला ग्रामीण स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता कुडेकेला 2023-24 का समापन नावापारा की टीम पर 58 रनों से रोमांचक विजयश्री के साथ सम्पन्न हुआ। ग्रामीण स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता कुडेकेला का फायनल मैच दो दिग्गज टीमों कुडेकेला एवं नावापारा के मध्य खेली गई, जिसमे टॉस जीतकर स्ड। नावापारा ने पहले बल्लेबाजी करते 7 विकेट के नुकसान में 160 रन बनाए, जिसमे टीम के लिए पिछले मैचों के हीरो विष्णु ने एक बार फिर शानदार 33 रन ठोके। नियमित अंतराल में विकेट गिरने के कारण पुरी टीम 10ओवर में 102 रन बना पाई। इस तरह नावापारा कुडेकेला को 58 रनों से परास्त कर प्रतियोगिता का चैंम्पियन बना।

लक्ष्य से काफी पीछे है निगम, 29 के मुकाबले 13 करोड़ ही हुए जमा

अब तक मात्र 45 फीसद की टैक्स वूसली बड़े बकाएदारों पर सख्त हुआ निगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगर निगम क्षेत्र में टैक्स जमा करने की ऑनलाइन व्यवस्था शुरू होने के बाद भी ज्यादातर लोगों में टैक्स जमा करने को लेकर रुझान नहीं दिख रहा है। नगर निगम रायगढ़ में इस वित्तीय वर्ष में 31 दिसंबर की स्थिति में महज 40 फ़ीसदी राजस्व की वसूली हो पाई है। जिससे नगर निगम का खजाना अब भी खाली है। हालांकि महापौर जानकी काटजू वित्तीय वर्ष के अंत तक मांग के अनुरूप राजस्व की वसूली कर लिए जाने का दावा कर रही हैं। खास बात यह है कि इस वित्तीय वर्ष में राजस्व वूसली का लक्ष्य 2987.41 लाख है, लेकिन 31 दिसंबर 2023 की स्थिति में 1204.63 लाख राजस्व ही निगम के खजाने में आ पाए हैं। जिससे आने वाले दिनों में नगर निगम को राजस्व वसूली के लिए काफी माथा.पच्ची करनी पड़ सकती है।

दरअसल रायगढ़ नगर निगम के द्वारा इस वित्तीय वर्ष में टैक्स जमा करने के लिए ऑनलाइन की व्यवस्था शुरू की गई। घर घर में इसके लिए कोड गृहस्वामी के नाम जारी कर उसे चश्पा कराया गया है। बावजूद इसके लोग नगर निगम में संपत्तिकर, समेकित कर, जलकर के अलावा दुकानों का किराया निर्यात कर और यूजर चार्ज अदा करने को लेकर जागरूक नहीं दिख रहे हैं। यही वजह है कि इस वित्तीय वर्ष में 31 दिसंबर 2023 तक की स्थिति में महज 40 फ़ीसदी राजस्व की वसूली की जा सकी है। नगर निगम के राजस्व विभाग के आंकड़ों के मुताबिक इस वित्तीय वर्ष में 1124.15 लाख संपत्ति कर से राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य है। जबकि 205.50 लाख ही वसूल की जा सकी है। समेकित कर 194.30 लाख के मुकाबले 83.01, जलकर 479.99 लाख के एवज में 138.62 लाख और यूजर चार्ज 140.83 लाख के डिमांड पर 28.07 लाख का राजस्व प्राप्त हो सका है। बताया जाता है की इस वित्तीय वर्ष और पिछले वित्तीय वर्ष के बकाया के अनुसार इस वित्तीय वर्ष में 2987.41 लाख राजस्व वसूली की डिमांड है। जबकि इस वित्तीय वर्ष के 31 दिसंबर तक की स्थिति में 1204.63 लाख राजस्व की प्राप्ति हो पाई है। इस तरह मात्र 40 प्रतिशत राजस्व निगम के खजाने में जमा हो पाया है। ऐसी स्थिति में निगम प्रशासन के द्वारा राजस्व वसूली तेज करने वार्डों में सिरि लगाया जा रहा है। जिससे आने वाले दिनों में राजस्व प्राप्ति के आंकड़ों में वृद्धि होने का अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि शिविर से लोग टैक्स जमा करने के लिए कितने उत्सुकता दिखाएंगे यह तो आने वाले दिनों में ही पता चल पाएगा, लेकिन महापौर जानकी काटजू का कहना है कि वार्डों में सिविर लगाकर राजस्व अमले द्वारा घर घर दस्तक दी जा रही है और लोगों को सभी तरह के टैक्स का भुगतान नियत समय पर करने प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिससे वित्तीय वर्ष के अंत तक लक्ष्य के अनुरूप राजस्व की प्राप्ति होने की संभावना है।

दूर की जाएगी ऑनलाइन की दिक्कत : जानकी काटजू

नगर निगम की ऑनलाइन सेवा से टैक्स अदा करने में आ रही दिक्कतों को लेकर महापौर जानकी काटजू का कहना है कि शहर में करीब 20 फ़ीसदी टैक्स दाता लोगों के पास ऑनलाइन की सुविधा नहीं है। जिससे ऐसे वर्ग के लोग अपनी समस्या बता रहे हैं, ऐसी स्थिति में आवश्यकता अनुसार टैक्स जमा कराने ऑफ लाइन की सुविधा प्रदान कराई जा सकती है। आने वाले दिनों में लोगों की समस्याओं को देखते हुए इस तरह की व्यवस्था शुरू की जा सकती है। जिससे लोग बकाया टैक्स का आसानी से भुगतान कर सक सकें।

अलग अलग वजह भी!

राजस्व वसूली में काफी पीछे रहने के अलग.अलग तर्क दिए जा रहे हैं। निगम सूत्रों की माने तो इस वित्तीय वर्ष के दौरान विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लगे होने की वजह से राजस्व अमला चुनाव ड्यूटी में व्यस्त रहा। जिससे टैक्स वसूली का काम प्रभावित हुआ। हालांकि अब वार्डों में टैक्स वसूली के लिए सिविर लगाए जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में वित्तीय वर्ष के अंत तक लक्ष्य के अनुरूप वसूली होने की संभावना जताई जा रही है। दूसरी तरफ लोगों का कहना है कि नगर निगम में संपत्तिकर, समेकितकर, जलकर लोग तो अदा करना चाहते हैं, लेकिन यूजर चार्ज देने में गुरेज करते दिख रहे हैं। इसकी वजह यह बताई जाती है कि यूजर चार्ज तो वसूल किया जा रहा हैए लेकिन घर घर में कचरा लेने के लिए रिक्शा नहीं पहुंच रहा है। लोगों को घरेलू डस्टबिन उपलब्ध नहीं कराया गया है। जिससे लोग यूजर चार्ज देने में आना.कानी करते नजर आते हैं। यदि डोर.टू.डोर कचरा कलेक्शन की सुविधा शुरू की गई है तो प्रत्येक घरों को इस सुविधा के लाभ से जोड़ा जाना आवश्यक लगता है। निगम अमला हर बिंदु पर ध्यान दे रहा है।

यूजर चार्ज अदा करने में दिक्कत

नगर निगम द्वारा टैक्स अदा करने के लिए शुरू की गई ऑनलाइन सेवा से ज्यादातर लोग इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं। बताया जाता है कि शहर की कमजोर आय वर्ग के लोग बकाया टैक्स का भुगतान अपनी सहोलियत के अनुरूप किस्तों में अदा करना चाहते हैं। लेकिन ऑनलाइन सेवा में इस तरह की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग टैक्स अदा नहीं कर पा रहे हैं। बताया जाता है कि यूजर चार्ज को लेकर इस तरह की ज्यादा दिक्कत आ रही है। लोगों का कहना है कि सॉफ्टवेयर में 3 साल का यूजर चार्ज जोड़ा गया हैए जबकि कई लोग इसका पूर्व में भुगतान कर चुके हैंए लेकिन रसीद उपलब्ध नहीं है। अथवा 3 साल का यूजर चार्ज एक मुस्त अदा कर पाने की स्थिति में नहीं हैं। जिससे ऑनलाइन सेवा से यूजर चार्ज अदा करने में दिक्कत आ रही है।

मंडल रेल प्रबंधक का बिलासपुर झारसुगुड़ा सेक्शन निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय द्वारा मंगलवार को बिलासपुर झारसुगुड़ा सेक्शन के विंडो ट्रेलिंग कर निरीक्षण किए। इस दौरान उन्होने बाराद्वार, सक्ती, खरसिया, हिमगीर व बेलपहाड़ स्टेशनों का भी निरीक्षण किए। मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय, शाखाधिकारियों के साथ निरीक्षण यान से पटरियों, सिग्नल, इंटरलाकिंग, प्वांइट्स आदि की संरक्षा का बारीकी से निरीक्षण कर जायजा लिए।

बाराद्वार स्टेशन में मंडल रेल प्रबंधक द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत किए जा रहे स्टेशन पुनर्विकास के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया। इसके साथ ही स्टेशन मैप का अध्ययन कर ट्रेनों के गतिशील परिचालन व अधोसंरचना विकास के संभावनाओं पर अधिकारियों से चर्चा किए। तत्पश्चात उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्यों को तीव्र गति से पूरा करने का आवश्यक दिशानिर्देश दिए द्य इसके बाद सक्ती स्टेशन यार्ड व नई लाईन का निरीक्षण किए। खरसिया स्टेशन में मण्डल रेल प्रबंधक द्वारा प्लेटफॉर्म में उपलब्ध यात्री सुविधाओं, फुटओवर ब्रिज, बुकिंग कार्यालय, सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग, क्रू लॉबी, रनिंग रूम आदि का निरीक्षण किया गया। रनिंग रूम में कर्मचारियों की बेहतर आवास, खानपान व स्वच्छत्ता सुनिश्चितता हेतु वहाँ उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिए। साथ ही वहाँ के रसोई, भोजन कक्ष व संयुक्त लॉबी का भी निरीक्षण किए एवं कर्मचारियों से चर्चा भी की।

सर्कुलेटिंग क्षेत्र में आवश्यक सुधार के साथ बेहतर सफाई व्यवस्था के निर्देश दिए। इसके बाद रायगढ़ स्टेशन के दूसरे छोर का भी उन्होंने निरीक्षण किए। हिमगीर स्टेशन में उन्होने स्टेशन का निरीक्षण किए तथा अधिकारियों के साथ संभावित अधोसंरचना विकास कार्यों से संबंधित चर्चा की। बेलपहाड़ स्टेशन में उन्होंने स्टेशन के दोनों छोर जाकर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हो रहे पुनर्विकास के कार्यों का अवलोकन व भी निरीक्षण किए। निर्माण कार्यों के दौरान यात्रियों को किसी भी प्रकार का परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखने की बात उन्होंने कही।

कलेक्टर ने दिलाई नशा मुक्ति की शपथ, निकली रैली

रायगढ़। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर 30 जनवरी को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर कार्तिकेय गोयल ने अधिकारी कर्मचारियों को नशा मुक्ति के लिए शपथ दिलाई। इस अवसर पर डीएफओ सुश्री स्टाइलो मंडावी, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट, एडीएम संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव पांडेय, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

इस मौके पर कलेक्टर श्री गोयल ने नशा मुक्ति की शपथ दिलाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने, अपने परिवार में हर्षोल्लास रखने, अपने तन, मन, धन को सुदृढ़ बनाने, पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए सभी वर्ग के व्यक्तियों में नशापान के दुष्परिणामों को प्रचारित कर यथासंभव नशा पीड़ितों से व्यक्तिगत संपर्क कर उन्हे नशामुक्ति के लिए प्रेरित करूंगा। समाज कल्याण विभाग के नशा मुक्ति कार्यक्रमों से प्रभावित होकर राष्ट्र, समाज परिवार एवं स्वयं के हित के मादक पदार्थों का सेवन नहीं करने की शपथ ली गई। इसी क्रम में समाज कल्याण विभाग के तत्वाधान में विभाग एवं मान्यता प्राप्त नव जीवन नशा मुक्ति केंद्र उन्नायक सेवा समिति द्वारा संचालित संस्था के द्वारा पहाड़ मंदिर कौहाकुंडा में नशा मुक्त रैली निकाल कर शपथ दिलाई एवं नशा के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई।

हाई स्कूल में स्वास्थ्य जागरुकता शिविर

सारंगढ़। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के विकास खंड बिलाईगढ़ के शासकीय हाई स्कूल सलिहाघाट में जिले एवं विकासखंड के चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रांरभ में प्रभारी प्राचार्य अभय पांडेय ने सेमिनार में उपस्थित जिला विकास खंड तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों एवं कर्मिको का परिचय देते हुए स्वागत उद्बोधन दिया।जिला के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एफआर निराला ने स्वास्थ्य जागरूकता के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बतलाया कि भोज्य पदार्थ में आयरन की कमी से शरीर स्वस्थ नही रहता है। और कोई न कोई बीमारी रहती हैं। सर्वे में 61 प्रतिशत बालिकाओं में एवं 31 प्रतिशत बालकों में इस प्रकार औसत 46 प्रतिशत विद्यार्थियों में खून की कमी पाई गई है। हमें अपनी दिनचर्या ठीक करनी होगी दूध का सेवन करना होगा तथा तीन पेड़ पपीता, मूंनगा तथा केला अवस्य लगानी चाहिए महिलाओं को होने वाले मासिक के बारे में विशेष जानकारी देते हुए स्वछता पर ध्यान देने की बात कही।

अभियान चलाकर सट्टेबाजों की धरपकड़, दर्जनभर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

थाना कोतवाली और चक्रधरनगर क्षेत्र अंतर्गत सट्टा पट्टी लिखने वालों की मुखबीर से सूचना लेकर साइबर सेल और थानों की संयुक्त टीम द्वारा कोतवाली के चांदमारी, रामभांठा, चांदनी चौक, जगतपुर, स्टेशन चौक और चक्रधरनगर के बोईरदादर, आईटीआई कॉलोनी में छापेमार कार्रवाई कर सट्टा पट्टी लिख रहे सटोरियों से लाखों के सट्टा पट्टी विवरण तथा नगद रकम 13 हजार रुपए जब्त किया गया है।

सट्टा लिखते पकड़े गए 5 आरोपियों पर थाना चक्रधरनगर में तथा 04 आरोपियों पर थाना कोतवाली में जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। कार्रवाई में टीआई शनिप रात्रे, प्रशांत राव, साइबर सेल के प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, दुर्गेश सिंह, महिला प्रधान आरक्षक रेनू मंडावी सिंह, आरक्षक प्रशांत पंडा, महेश पंडा, पुष्पेंद्र जाटवार, धनंजय कश्यप, नवीन शुक्ला, प्रताप बेहरा, विक्रम सिंह, सुरेश सिदार, विकास प्रधान, महिला आरक्षक मेनका चौहान के साथ थाना कोतवाली एवं चक्रधरनगर के स्टाफ शामिल रहे। सट्टा रेड में पकड़े गए आरोपी अनुज यादव उर्फ पटेल पिता मुनेश्वर यादव उम्र 27 साल निवासी बोईरदादर बंगाली क्वार्टर संजयनगर, वीरेंद्र देवांगन पिता महेश राम देवांगन उम्र 22 साल निवासी मोदी कालोनी जे ब्लॉक बोईरदादर, कादिर खान पिता शेख रहीम उम्र 52 वर्ष चांदमारी भवानी शंकर स्कूल के पास थाना कोतवाली, दिलेश्वर भारती पिता स्व. मुनेश्वर भारतीय उम्र 24 साल निवासी रामभांठा जय स्तंभ चौक के पास थाना कोतवाली मोहम्मद नाजिम साबरी पिता मोहम्मद खादिम रशीद उम्र 65 साल निवासी बाबू पारक चांदनी चौक मोहम्मद जनरल स्टोर के पास थाना कोतवाली, लक्ष्मी नारायण निषाद पिता स्वर्गीय अमृत निषाद उम्र 45 साल निवासी जगतपुर वार्ड नंबर 4 थाना कोतवाली, दीपक यादव पिता ननकू राम यादव उम्र 25 साल निवासी रामभांठा जगतपुर थाना कोतवाली, आनंद राम नागवंशी पिता स्व. बेकराम नागवंशी उम्र 24 साल निवासी सीतापुर रायकेरा जिला सरगुजा वर्तमान पता स्टेशन चौक थाना कोतवाली रायगढ़, पास्कल तिर्की पिता डोमिनिक तिर्की उम्र 26 साल निवासी मकान नंबर 136 आईटीआई कॉलोनी अंबेडकर आवास चक्रधरनगर शामिल है।

43 मेधावी विद्यार्थी एक्पोजर विजिट के लिए रवाना

जशपुरनगर। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल के द्वारा जशपुर जिले के 43 मेधावी विद्यार्थियों को आंध्रप्रदेश के हरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र का निःशुल्क शैक्षिक भ्रमण कराया जा रहा है। अंतरिक्ष केंद्र के साथ ही साथ आईआईटी मद्रास का भी शैक्षणिक भ्रमण 31 जनवरी से 7 फरवरी तक विद्यार्थी करेंगे। बुधवार को जशपुर विधायक रायमुनि भगत और कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने विद्यार्थियों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। सभी को सुखद और सफल यात्रा के लिए शुभकामना दी है। इस भ्रमण का उद्देश्य विभिन्न वैज्ञानिक गतिविधियों तथा तकनीकी जानकारियां को सीखने और विद्यार्थियों को अनुसंधान में आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित करना है। सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र में विद्यार्थी वैज्ञानिकों से मुलाकात करेंगे। वहां अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष विज्ञान और अंतरिक्ष अनुप्रयोगों को समझने का उन्हें अवसर प्राप्त होगा। इस शैक्षणिक भ्रमण में आईआईटी मद्रास, इसरो प्रोपल्शन काम्पलेक्स, स्पेस एप्लीकेशन सेंटर चेन्नई के नजदीकी अन्य पर्यटक स्थल सम्मिलित रहेंगे।

मुख्यमंत्री के हाथों शहीद की प्रतिमा का अनावरण कल

रायगढ़। देश के लिए परिवार समेत अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले रायगढ़ के सपूत बलिदानी कर्नल विप्लव त्रिपाठी की प्रतिमा का अनावरण आगामी 02 फरवरी को किया जाएगा। सूबे के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा बलिदानी विप्लव त्रिपाठी की प्रतिमा, सैन्य जीवन का शिलालेख और स्मृति शिलालेख का अनावरण किया जाएगा। इस गौरवशाली आयोजन के लिए जिला प्रशासन और शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी मेमोरियल ट्रस्ट जुट गया है। इस संदर्भ में जिला प्रशासन और ट्रस्ट के बीच बैठक भी हुई जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। विदित हो कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी की प्रतिमा का अनावरण स्वयं करने की बात उनके परिजनों से मिलकर की थी। बीते दिनों शहीद के परिजन भी उन्हें अनावरण के लिये आमंत्रित करके आए थे। तिथि को लेकर अस्पष्टता मंगलवार को दूर हो गई और मुख्यमंत्री 02 फरवरी को शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम स्थित शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी की प्रतिमा का अनावरण करने आ रहे हैं।

कोलाहल एक्ट की अवहेलना डीजे सिस्टम जब्त

रायगढ़। 30 जनवरी के रात्रि थाना चक्रधरनगर क्षेत्र अंतर्गत विजयपुर दीवानमुडा के पास एक शादी पंडाल में देर रात तक डीजे बजने की शिकायत पर पुलिस ने कोलाहल एक्ट अधिनियम के अंतर्गत दो स्थानों से डीजे सिस्टम को जब्त किया है। पहली कार्रवाई चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत विजयपुर में की गई। देर रात्रि निर्धारित ध्वनिसीमा के बाहर तीव्र ध्वनि में संगीत बजाते पाया गया जिससे आसपास के लोगों को असुविधा हो रही थी। थाना प्रभारी द्वारा डीजे संचालक अनावेदक किशोर लकड़ा पिता पौलुस लकड़ा उम्र 50 साल निवासी संजय मैदान रामभांठा थाना सिटी कोतवाली को नोटिस देकर अनावेदक से साउंड सिस्टम को जब्त कर थाने लाया गया। अनावेदक के विरुद्ध थाना चक्रधरनगर में धारा 15 कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। इसी तरह टाउन पेट्रोलिंग के दौरान थाना प्रभारी चक्रधरनगर को पहाड़ मंदिर के पास तेज आवाज में डीजे बजने की सूचना मिली। तत्काल पुलिस ने मौके पर पहुंच डीजे सिस्टम को जब्त किया।

छेड़खानी का आरोपी भेजा गया जेल

रायगढ़। खरसिया पुलिस द्वारा किशोरी से छेड़खानी करने वाले आरोपी युवक जगदीश पटेल को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल दाखिल किया गया है। 29 जनवरी को स्थानीय युवती अपने परिजनों के साथ थाना आकर गांव के जगदीश पटेल 23 साल के विरूद्ध छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बतायी कि प्रतिदिन की तरह दिशा मैदान के लिए खेत की ओर गई थी, जहां जगदीश पटेल गंदी नियत से हाथ बांह पकड़ कर छेड़खानी किया और घटना किसी को नहीं बताने की धमकी दिया। युवती के लिखित आवेदन पर थाना खरसिया में आरोपित पर छेड़खानी का अपराध दर्ज कर थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी के साथ महिला प्रधान आरक्षक सरोजनी राठौर और हमराह स्टाफ द्वारा तत्काल आरोपी के सकुनत पर दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया गया जिसे अपराध में गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया। आरोपी का ज्यूडिशियल रिमांड प्राप्त होने पर आरोपी को जेल दाखिल किया गया है।

हरिभूमि
पाठकों के लिए माह जनवरी 2024 का बिल निम्नानुसार है

विवरण	दर	राशि
10 दिन	4.00	40.00
20 दिन	5.00	100.00
30 दिन,	कुल योग=	140.00

कृपया पाठकगण माह जनवरी 2024 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 फरवरी 2024 तक जमा करें
प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

Rahul Travels
One Way Taxi Pvt Ltd
राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे है, मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट में 10 % का मार्जिन।
राहुल ट्रैवेल्स
(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)
रायपुर एयरपोर्ट (छग)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे -
विनोद पिंजानी 7693055301
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
8 मार्च को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर श्रद्धालु गण करेंगे सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन
बिलासपुर, रायपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
06 मार्च से 12 मार्च 2024 तक
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टेच्यु ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 19,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411